हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 25.4 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

12 विद्यार्थियों ने प्रसन्ना के साथ मिलकर बांसुरी की स्वर...



12 हादसे में पतियों की जान गंवाने वाली दो महिलाओं...



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना सनौली पुलिस ने राणा माजरा गांव के पास ट्रैक्टर सवार गांव कुटानी निवासी कृष्ण लाल का रास्ता रोककर मारपीट व कस्सी से गंभीर चोट मारने के आरोपी करनाल के गांव गढ़ी भरल निवासी शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस केस में कुटानी गांव निवासी वजीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हुड़दंग मचाते दो युवकों को दबोचा

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे दो युवकों गांव कुराना भंडारी निवासी रवि अंतराम, राजेश, रणबीर व मुकेश को गिरफ्तार किया है। दोनों पर बीएनएस की धारा 194(2) व 72 सी एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### सट्टेबाजी करते आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने नई सब्जी मंडी के पास सड़क किनारे सट्टा खाईवाली कर रहे सन्नी पुत्र अशोक निवासी पुरेवाल कालोनी, कच्चा कैंप क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर आरोपी के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त तीन प्लेट व दाव पर लगी 2500 रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में हरियाणा सार्वजनिक जुआ निवारण अधिनियम 2025 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में 21 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय ने अधिकारियों के साथ शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई

**पानीपत।** जिला यातायात पुलिस धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में यातायात थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल की टीम ने रविवार को जीटी रोड़ टोल प्लाजा पर 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। वहीं, यातायात थाना प्रभारी अनिल ने बताया कि धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी।

### पौधरोपण करके खंड अधिकारी का पद संभाला

**पानीपत।** बीईओ जयपाल सरोहा ने सोमवार को पानीपत खंड कार्यालय प्रांगण में पौधरोपण करके खंड अधिकारी का पद ग्रहण किया। इस डीईओ राकेश बूरा, डीईईओ सुभाष भारद्वाज, डिप्टी डीईओ सुनीता कादियान, खेल अधिकारी कर्ण सिंह पूनिया आदि उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर में दर्ज विदेशी कंपनियों में दोगुना पैसा कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी सिंगार सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी गुलजार सिंह को काबू किया। परिवादी फतेह सिंह ने 23 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 सितंबर 2025 को आरोपी गुलजार सिंह व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## सरस्वती तट पर दीप प्रज्वलित कर किया सरस मेले का शुभारंभ

# अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव ने विश्व में बनाई अपनी पहचान

**सरस मेले के आयोजन से दर्शकों में दिखा उत्साह, विभिन्न स्कूली बच्चों की भक्तिमय प्रस्तुतियों से सरस्वती तट पर बना रहा भक्तिमय माहौल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

उपमंडल पिहोवा के पवित्र सरस्वती तट पर अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन सोमवार को हुआ। महोत्सव का उद्घाटन हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन अमरपाल राणा ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान डीडी शर्मा, जिला परिषद चेयरमैन कवलजीत कौर, नगर पालिका चेयरमेन आशीष चक्रपाणी, जिला अध्यक्ष सरदार तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, मार्केट कमेटी चेयरमैन तरनदीप सिंह वड़ैच भी उपस्थित रहें।

इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके उपरांत सभी मेहमानों ने हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी, सरस मेल और हरियाणा की विरासत व धरोहर को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन अमरपाल राणा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का इतने बड़े स्तर पर आयोजन होना बेहद गर्व की बात है। गीता महोत्सव की तर्ज पर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को जो स्वरूप सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड देना चाहता था, वह यहां पर देखने को मिला है।

पिहोवा एक ऐसा पवित्र स्थल है, जहां पर सरस्वती की धारा बहती हुई दिखाई देती है।





पिहोवा। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मुख्य अतिथियों को मां सरस्वती के छायाचित्र देकर किया सम्मानित

उपमंडल पिहोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव व सरस मेले का आयोजन होना इस स्थल की महिमा को और अधिक बढ़ाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पर आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद व स्वागत किया। बसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर मां सरस्वती के आशीर्वाद से पिहोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव ने पिहोवा का नाम विश्व स्तर पर बढ़ा दिया है। जिस प्रकार धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र का नाम गीता महोत्सव के कारण विश्व प्रसिद्ध हुआ है, उसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव ने विश्व में अपनी पहचान बना ली है। महोत्सव में मंच का संचालन उमाकांत शास्त्री द्वारा किया गया। महोत्सव में आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथियों को मां सरस्वती के छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून, मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, प्रदीप, साधु राम सैनी, तहसीलदार पुनम सोलंकी, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के सदस्य रामधारी शर्मा, युधिष्ठिर बहल, हनु चक्रपाणि, हरविंदर सिंह, अमरजीत वासन, लाडी पाल, सतपाल सैनी, डा. सतीश सैनी, सुखबीर सिंह, विक्की शर्मा, सुशील गर्ग व नगर पालिका पार्षद आदि उपस्थित रहे।


इसके अतिरिक्त पूर्वजों के पिंडदान के लिए भी पिहोवा शहर की बहुत मान्यता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के प्रयासों से सरस्वती महोत्सव कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अथक प्रयासों से आज अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन उपमंडल पिहोवा में किया गया। सरस्वती महोत्सव पूरे देश में पांच दिन के लिए मनाया जा रहा है।

### भारतीय शिल्पकला के हुए दर्शन

पिहोवा तीर्थ नगरी के विश्व प्रसिद्ध सरस्वती नदी के तट पर भारतीय शिल्पकला के दर्शन किए जा सकते है। यह शिल्पकला अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सहजता से देखी जा रही है। इस शिल्पकला को पिहोवा और आसपास के पर्यटक और श्रद्धालु निहार रहे है। इन पर्यटकों और श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न राज्यों की शिल्पकला को देखने का एक सुनहरी अवसर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड द्वारा मुहैया करवाया गया है। उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून का कहना है कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड व उपमंडल प्रशासन की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 25 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस महोत्सव में देश के विभिन्न कोनों से करीब शिल्पकार अपनी-अपनी शिल्पकला को लेकर पिहोवा नगर वासियों के लिए विशेष तौर पर पहुंचे है। इस शिल्पकला को पिहोवा वासी निहार रहे है और लुत्फ उठा रहे है। इस वर्ष बेहतरीन शिल्पकारों को ही आमंत्रित किया गया है। इस शिल्पकला में लकड़ी का सामान, महिलाओं द्वारा घर की सजावट के लिए हाथ से बना सामान, मिट्टी के बर्तन सहित विभिन्न राज्यों से शिल्पकार अपनी शिल्पकला से सबको मोहित कर रहे है। इस शिल्पकला के साथ-साथ विभिन्न जगहों से लोक कलाकार पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे है।



पिहोवा। दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ करते हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन अमरपाल राणा व साथ में मौजूद भाजपा नेता जयभगवान शर्मा।



कुरुक्षेत्र। अवॉर्ड प्राप्त करते डा. आनंद जायसवाल। फोटो : हरिभूमि

## केयू शिक्षक डॉ. आनंद को मिला 13वां ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के शिक्षक डॉ. आनन्द जायसवाल को 13वां ऑल इंडिया डिजीटल आर्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी द्वारा आयोजित भव्य समारोह में यह अवार्ड देश के प्रतिष्ठित फोटोग्राफर आदित्य आर्या जी द्वारा प्रदान किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आनन्द जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष से हजारों कलाकारों के बीच कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. आनन्द जायसवाल को डिजीटल आर्ट क्षेत्र में प्रथम अवार्ड मिलना बड़े हर्ष एवं गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि केयू शिक्षक हर क्षेत्र में केयू एवं हरियाणा को गौरवान्वित कर रहे हैं। यह अवार्ड डॉ. आनन्द जायसवाल की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## दुष्कर्मी को 14 साल की कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म करने के आरोपी अमन वासी थानेसर को 14 साल कठोर कारावास व 1 लाख 85 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 29 अगस्त 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीपली वासी एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की स्कूल में पढ़ती है। महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग लड़की का एक लड़का उसका रोज पीछा करता है। 28 अगस्त 2022 को उसकी लड़की को वह लड़का बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर आने के बाद लड़की ने बताया कि लड़के ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। जिसकी शिकायत पर महिला थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।





पानीपत। आशा वर्कर्स प्रदर्शन करती हुई। फोटो : हरिभूमि

### आशा वर्कर्स का जिला सचिवालय पर हल्ला बोल

**पानीपत।** आशा वर्करों ने अपनी लंबित मांगों और विभागीय दबाव के खिलाफ सरकार के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन किया। जिले की सैकड़ों आशा वर्कर सोमवार को सड़कों पर उतरीं और स्थानीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर साफ चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो आगामी बारह फरवरी को देश भर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आशा वर्करों ने भाग लिया। इधर, प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने पानीपत प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### लॉकर से चार लाख चोरी, केस दर्ज

*पानीपत। पगांव नौल्था में स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी के कार्यालय के लॉकर से चोरों ने करीब चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। वहीं, घटना के समय कंपनी के संचालक अनिल कुमार दुकानदार थोडी दूर लघुशंका के लिए गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके लॉकर का ताला तोडा और अंदर रखी नगदी चोरी कर ली। इधर, अनिल की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने चोरों की शिनाख्त के लिए आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुजेट जांच के लिए ली है।*

## पानीपत में युवक की गर्दन काटकर हत्या

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र की सैनी कालोनी में सोमवार को 39 वर्षीय सुनील की संदिग्ध हालात में गर्दन कटा शव मिला। घटना के समय सुनील का भाई अमन व पत्नी सीमा घर पर नहीं थे। जब वापस लौटे तो सुनील के कमरे की अंदर से कुंडी लगी थी। इधर, अमन ने रोशनदान से कमरे के अंदर सुनील का खून से लथपथ शव पडे देखा। रोशनदान के रास्ते ही कमरे की कुंडू खोली गई। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना किला पुलिस, सीआईए व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची जांच की। प्रथम चरण की जांच में पता चला कि सुनील की गर्दन तेजधार हथियार से कटी हुई है और हथियार इतना तेज था कि उसक प्रहार से गर्दन की हड्डी भी कट गई। वहीं, जांच में यह भी पता चला कि सुनील के सिर में चोट के गहरे निशान है। पुलिस सुनील की मौत को जहां कथित रूप से हत्या का केस मान रही है, वहीं परिजनों का कहना है कि सुनील ने आत्महत्या की है। दूसरी ओर, थाना किला के एसएचओ सुरेश ने बताया कि सुनील के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है, इसकी रिपोर्ट, एफएसएल की रिपोर्ट, घटनास्थल की जांच रिपोर्ट के अध्ययन व परिजनों से पूछताछ के बाद ही सुनील की मौत के बार में जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल पुलिस सुनील की मौत के केस की हर पहलु को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

- **परिजनों ने सुसाइड बताया, पुलिस ने गहन जांच शुरू की, सिर में चोट के निशान मिले**

## डिजिटल दौर में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग बहुत जरूरी : प्रो. सोमनाथ

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सोमवार को कमेटी कक्ष में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए एजुकेशन सेंटर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के साथ एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन चर्चा आयोजित की। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और यूजीसी विनियम 2022 के तहत वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डिजिटल दौर में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने ग्लोबल पाथवे प्रोग्राम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र अपनी डिग्री का एक हिस्सा भारत में और शेष हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में ईसीए के साझेदार संस्थानों में पूरा कर सकेंगे। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा के साथ-साथ विदेशी कार्य-संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त होगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह सहयोग विश्वविद्यालय के विजन 2030 और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। इससे विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार होगा और यहाँ के छात्रों को वैश्विक रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

## विवाहिता से पानीपत व चंडीगढ़ में गैंग रेप

**पानीपत।** पानीपत निवासी एक विवाहिता को उसके पति के परिचित ने अपने नशीली चाय पिलाई और उसके साथ अपने तीन दोस्तों के साथ पानीपत व चंडीगढ़ में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। वहीं थाना किला पुलिस को दी शिकायत में विवाहिता ने बताया कि उसका दो जनवरी की रात को पति से विवाद हो गया था, इसके चलते वह अपनी नवजात बच्ची के साथ घर से निकल गई। विवाहिता ने अपने पति के परिचत को मोबाइल फोन पर कॉल कर नवीन गुर्जर को बुलाया। नवीन, विवाहिता व उसकी बच्ची को स्काई लार्क रोड स्थित एक होटल में ले गया और वहां कमरे में उसे नशीली चाय पिलाकर उसे बेहोश कर दिया। बेहोशी की हालत में नवीन ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, नवीन उसे मायके छोड़ने के बहाने चंडीगढ़ अपने दोस्त जयदीप के फ्लैट पर ले गया। महिला का आरोप है कि नवीन, जयदीप और इनके दो अज्ञात साथियों ने उसे बंधक बना लिया और चारों उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करते रहे। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करते और उसकी नवजात बच्ची की हत्या की धमकी देते। इधर, महिला की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने नवीन गुर्जर, जयदीप व इनके दो अज्ञात साथियों पर केस दर्ज किया।

- **पति से रूठ कर नवजात बच्ची को लेकर घर से निकली थी पीड़िता, पानीपत पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की**

## आढ़ती बोले सीएम साहिब वादों से पेट नहीं भरता, अब भुगतान चाहिए

# आढ़तियों के 350 करोड़ रुपये दबाए बैठी सरकार

**दो महीने बाद भी नहीं किया कमीशन व अन्य बकाया भुगतान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

धान खरीद सीजन समाप्त हुए करीब दो महीने बीत चुके हैं। सरकार अब तक आढ़तियों का लगभग 350 करोड़ रुपये का कमीशन व अन्य बकाया भुगतान जारी करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर कच्चा आढ़ती एसोसिएशन की एक आपात बैठक प्रधान कंवरजीत सिंह विर्क की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सरकार के रवैये के खिलाफ तीखा आक्रोश देखने को मिला। इस बैठक में आढ़तियों ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि धान सीजन समाप्त होने के 15 दिन के भीतर भुगतान का वादा किया गया था, लेकिन दो महीने गुजर जाने के बावजूद एक रुपया भी नहीं मिला। भुगतान में हो रही इस देरी ने आढ़तियों की आर्थिक कमर तोड़ दी है। बाजार में उनका भरोसा पूरी तरह हिला दिया है।

आढ़तियों ने कहा कि सरकार सिर्फ कागजी दावे कर रही है, जबकि भुगतान की सच्चाई शून्य है। धान की खरीद, उठान और भुगतान को लेकर किए गए सभी सरकारी दावे खोखले साबित हुए हैं। बैंकों का दबाव, ब्याज और लेनदारी के चलते आढ़ती गंभीर वित्तीय संकट में फंसते जा रहे हैं, लेकिन सरकार आंख मूंदे बैठी है। आढ़ती एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि रुके हुए कमीशन व अन्य बकायों का तत्काल भुगतान किया जाए, साथ ही देरी के कारण आढ़तियों को ब्याज सहित राशि दी जाए।

आढ़तियों ने चेतावनी दी कि यदि उनके पैसे का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। आढ़तियों ने यह भी याद दिलाया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा धान पर कमीशन को 20 प्रतिशत बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की गई थी और गेहूं की कमी से हुए नुकसान की भरपाई का भी भरोसा दिया गया था, लेकिन पुराने बकाये आज तक लंबित पड़े हैं, जो सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। इस बैठक में धर्मवीर राणा, साहिल खेत्रपाल, दिलबाग सिंह, पंकज बंसल, प्रमोद चौहान, ललित गोयल, हरविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में आढ़ती उपस्थित रहे।



बराड़ा। बैठक में भाग लेने वाले आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

## चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

**पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



जगाधरी की गंगा नगर कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 42 सौ रुपये की नकदी तथा करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गंगा नगर कॉलोनी निवासी दीपक ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 17 जनवरी को रात नौ बजे परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर कमरे में सो गया था। सुबह जब वह साढ़े पांच बजे उठे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 42 सौ रुपये, 10 तोले चांदी की जोड़ी पाजेब, सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने की बालियां तथा अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब करीब डेढ़ लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई बोर्ड पर दो दिवसीय सेमिनार

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल,में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए एक शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार सीबीएसई के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम था। सेमिनार का मुख्य विषय राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा रहा, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, कक्षा प्रबंधन एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनुपम हांडा एवं देवेश कुमार सैनी उपस्थित रहे। दोनों मुख्य अतिथियों का विद्यालय प्रधानाचार्य विकास कुमार उत्तरेजा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथियों ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, प्रभावी शिक्षण तकनीकों, विद्यार्थियों की समझ विकसित करने तथा तकनीक आधारित शिक्षा पर विस्तृत एवं महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय चेयरपर्सन हनी चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक सेमिनार शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सत्संग और प्रभु स्मरण ही जीवन का सच्चा कल्याण : करुणा गिरी

# कथा में प्रभु श्रीराम के प्रति शबरी की भक्ति का किया मार्मिक वर्णन

**प्रभु श्रीराम का जीवन संस्कार और मर्यादाओं से ओतप्रोत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से मां अन्नपूर्णा धाम में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर तीसरे दिन की श्रीराम कथा श्रद्धा, भक्ति और भावविभोर वातावरण में संपन्न हुई। तीसरे दिन की कथा में कथा व्यास महामंडलेश्वर करुणा गिरी महाराज ने श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने राजा परीक्षित, शबरी तथा भारत मिलाप के प्रसंगों का विस्तारपूर्वक और भावपूर्ण वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति, त्याग और कर्तव्य का संदेश दिया। महामंडलेश्वर करूणागिरी महाराज ने राजा परीक्षित के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जीवन कितना भी वैभवशाली क्यों न हो, अंत समय में केवल भक्ति और सत्कर्म ही मनुष्य के काम आते हैं। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित ने मृत्यु का ज्ञान होने पर सांसारिक मोह त्यागकर भगवान के नाम और कथा का आश्रय लिया, जिससे यह सिद्ध होता है कि सत्संग और प्रभु स्मरण ही जीवन का सच्चा कल्याण है।



मंच से प्रवचन करतीं महामंडलेश्वर करुणा गिरी महाराज।



**तरावड़ी।** मुख्य अतिथि रमेश गुप्ता को सम्मानित करते कथा व्यास महामंडलेश्वर करुणा गिरी महाराज। *फोटो : हरिभूमि*

#### ईश्वर को दिखावा नहीं बल्कि सच्चा प्रेम प्रिय

कथावाचक ने शबरी प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि शबरी निष्काम भक्ति की साक्षात प्रतिमा थीं। उन्होंने वर्षों तक प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा करते हुए सेवा और साधना का मार्ग अपनाया। शबरी द्वारा प्रेमपूर्वक अर्पित किए गए बेरों को प्रभु श्रीराम द्वारा स्वीकार करना यह संदेश देता है कि ईश्वर को दिखावा नहीं, बल्कि सच्चा प्रेम और समर्पण प्रिय है। भारत मिलाप के प्रसंग का वर्णन करते हुए महामंडलेश्वर करुणा गिरी महाराज ने कहा कि यह प्रसंग भ्रातृ प्रेम, त्याग और आदर्श पारिवारिक मूल्यों का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने बताया कि कैसे भरत ने राजसिंहासन का त्याग कर श्रीराम की चरण पादुकाओं को राजगद्दी पर विराजमान कर स्वयं सेवक के रूप में राज्य संचालन किया। यह प्रसंग आज के समाज को अहंकार त्यागकर प्रेम, सम्मान और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

#### ये रहे मौजूद

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिव शक्ति इंटर ग्लोबल के सीएमडी रमेश गुप्ता एवं पवन अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में शिव शक्ति इंटरग्लोब प्रा. लि. के सीएमडी रमेश गुप्ता, नगर पालिका तरावड़ी के चेयरमैन विरेंद्र बंसल, राघव इंडस्ट्रीज के सीएमडी राकेश गर्ग तथा यशपाल शर्मा, नरेश अरोड़ा ने सहभागिता की। सभी मुख्य यजमानों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया और आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण, ज्योति प्रकाश और महाआरती से संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया, जिससे सेवा और समरसता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उनके साथ लाला साधू राम सिंगला, मदन सचदेवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर किया नमन

**घरौंडा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में शुक्रवार को महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उनके आदर्श आज की युवा पीढ़ी को देश और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देते हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश संयोजक सतपाल राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि आत्मसम्मान की रक्षा के लिए त्याग और संघर्ष आवश्यक है। वहीं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेन्द्र राणा (रिंकू) ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना के प्रतीक थे।

# लाडो लक्ष्मी योजना व पेंशन लाभार्थियों के सत्यापन के लिए कल लगाए जाएंगे वार्ड-वाइज एरिया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नगर पालिका तरावड़ी के सचिव अजीत कुमार ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया के तहत नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड-वाइज एरिया सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार यह एरिया सभाएं दिनांक 20 जनवरी 2026, मंगलवार को आयोजित होंगी। सभाओं का आयोजन निर्धारित स्थानों पर तय समय अनुसार किया जाएगा, जिसमें संबंधित वार्डों के लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। नगर पालिका सचिव ने जानकारी दी कि सभी एरिया सभाओं के लिए स्थान एवं समय पूर्व निर्धारित कर दिए गए हैं। लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूर्ण करवाएं, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि कोई पात्र लाभार्थी वेरिफिकेशन से वंचित रहता है, तो भविष्य में उसे योजना के लाभ में परेशानी आ सकती है, इसलिए सभी लाभार्थी समय पर पहुंचकर सहयोग करें।

#### लाभार्थियों की वेरिफिकेशन हेतु वार्ड-वाइज एरिया सभा सूची

| स्थान | समय |
|---|---|
| वार्ड 1—स्थानः राजकीय प्राथमिक स्कूल काटजू नगर, तरावड़ी | समयः प्रातः-10 बजे |
| वार्ड 2—स्थानः वाल्मीकि मंदिर, तरावड़ी | समयः दोपहरः-12.15 |
| वार्ड 3—स्थानः पंचायत मंदिर, तरावड़ी | समयः सांय 3:15 |
| वार्ड 4—स्थानः संत कबीरदास मंदिर, तरावड़ी | समयः प्रातः 10 बजे |
| वार्ड 5—स्थानः कम्युनिटी सेंटर, वार्ड नं. 5, तरावड़ी | समयः 12:15 बजे |
| वार्ड 6—स्थानः गुरु रविदास मंदिर, वार्ड नं. 6, तरावड़ी | समयः 03:15 बजे |
| वार्ड 7—स्थानः गुरु रविदास मंदिर, वार्ड नं. 7, तरावड़ी | समयः 10 00बजे |
| वार्ड 8—स्थानः कम्युनिटी सेंटर, वार्ड नं. 8, तरावड़ी | समयः 12:15 बजे |
| वार्ड 9—स्थानः राजकीय प्राथमिक स्कूल, नत्था सिंह नगर, तरावड़ी | समयः 03:15 बजे |
| वार्ड 10—स्थानः आर्य समाज मंदिर, तरावड़ी | समयः 10: 00 बजे |
| वार्ड 11—स्थानः हनुमान मंदिर, तरावड़ी | समयः 12:15 बजे |
| वार्ड 12—स्थानः पंजाबी धर्मशाला मंदिर | समयः 03:15 बजे |
| वार्ड 13—स्थानः कम्युनिटी सेंटर, वार्ड नं. 13, तरावड़ी | समयः 10:00 बजे |
| वार्ड 14—स्थानः अमीर चंद मंदिर, तरावड़ी | समयः 12:15 बजे |
| वार्ड 15—स्थानः नजदीक गुगामाड़ी, वार्ड नं. 15, तरावड़ी | समयः सांय 3:15 |

### स्कूलों तक पहुंची साइबर जागरूकता की मुहिम

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा थिंक बिफोर यू शेयर अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी डा. इरम हसन ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के आदेशानुसार अभियान के तहत पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर द्वारा आमजन को साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी जा रही है। अभियान की इसी कड़ी में एमएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुटेल, राजकीय उच्च विद्यालय बसघाड़ा, न्यू स्टार पब्लिक स्कूल बसताड़ा आदि स्कूलों में किया जागरूक।

# कर्मचारी संगठनों का ऐलान, 12 फरवरी को जिले में रहेगा संपूर्ण काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ और सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन से जुड़े हरियाणा के लाखों कर्मचारी बारह फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। एसकेएस और सीआईटीयू की करनाल इकाई ने दावा किया है कि जिले में हड़ताल पूरी तरह प्रभावी रहेगी और कर्मचारी काम बंद कर धरने-प्रदर्शन करेंगे। यूनियन नेताओं का कहना है कि सरकार ने जनविरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर कर्मचारियों को हड़ताल के लिए मजबूर कर दिया है। सोमवार को कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों को हड़ताल का नोटिस सौंपा। फव्वारा पार्क में सभा के बाद सैकड़ों कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि लेबर कोड, पेंशन और ठेकाकरण से जुड़ी चारों नई श्रम संहिताएं मजदूर और कर्मचारी विरोधी सोच का ऐलान हैं।



#### जनसेवा को बचाने की होगी निर्णायक लड़ाई

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर और सीआईटीयू जिला प्रधान बिजनेश राणा ने कहा कि बारह फरवरी की हड़ताल में किसान संगठन भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की निर्णायक लड़ाई होगी। सरकार की नीतियों के कारण नौकरियां, पेंशन, स्थानांतरण नीति, भर्ती प्रक्रिया और संगठन बनाने का अधिकार सीधे निशाने पर हैं। कर्मचारी नेताओं ने चेताया कि यदि संगठित प्रतिरोध नहीं किया गया तो न स्थायी नौकरी बचेगी और न ही सुरक्षित पेंशन, साथ ही आम जनता के लिए सुलभ जनसेवाएं भी प्रभावित होंगी।



### अर्जुन ने बढ़ाया घरौंडा का मान

**घरौंडा।** स्थानीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत की मिसाल पेश करते हुए घरौंडा के होनहार साइक्लिस्ट अर्जुन गोयत ने राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें जे.सी.आई. घरौंडा संस्था द्वारा 35वें स्थापना दिवस पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में अर्जुन गोयत की विशेष उपलब्धि को मंच से सराहा गया और उन्हें सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि उड़ीसा के संभलपुर में आयोजित 30वीं राष्ट्रीय रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में अर्जुन गोयन ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने जिला करनाल के गांव बेगमपुर निवासी होने के साथ-साथ घरौंडा के निजी स्कूल के छात्र के रूप में 30 किलोमीटर साइक्लिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। समारोह में जे.सी.आई. संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनोद गर्ग, प्रधान अजय गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने अर्जुन को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हरियाणा पुलिस अकादमी में नवनियुक्त अफसरों का प्रशिक्षण आरंभ

# प्रशिक्षण में अपराध नियंत्रण पर किया मंथन

- हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के सरदार वल्लभभाई पटेल सम्मेलन कक्ष में एक सप्ताह चलेगा कार्यक्रम
- सहायक आयुक्त पद पर नियुक्त तीन अधिकारी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में हरियाणा कैडर के नवनियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के लिए पुलिस संबंधी एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ हो गया। यह प्रशिक्षण 19 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक आयुक्त पद पर नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान कोर्स के सह-संयोजक नरेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अकादमी ने मुख्य अतिथि गंगा राम पुनिया, पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। अकादमी प्रबंधन ने बताया कि हरियाणा कैडर में नियुक्त होने वाले नवनियुक्त अधिकारियों के लिए इस प्रकार के संबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रशासनिक अधिकारियों को राज्य में पुलिस की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक ढांचा, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा प्रशासन और पुलिस के समन्वय से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी दी जा सके। कोर्स के सह-संयोजक नरेश कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि माननीया कला रामचंद्रन, निदेशक अकादमी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कार्यकारी दण्डाधिकारी की भूमिका, न्यायिक वाद प्रबंधन प्रणाली, साइबर सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, फील्ड पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन की भूमिका, पंजाब पुलिस नियमावली एवं हरियाणा पुलिस नियमावली का परिचय तथा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर व्याख्यान करवाए जाएंगे।



करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में नवनियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय जरूरी

महत्वपूर्ण मुख्य अतिथि गंगा राम पुनिया ने अकादमी निदेशक माननीया कला रामचंद्रन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन और पुलिस का समन्वय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नेतृत्व क्षमता, जन-संपर्क तथा क्षेत्र में जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रभावी समन्वय से न केवल अपराध नियंत्रण बेहतर होता है, बल्कि आमजन का विश्वास भी मजबूत होता है।

### छह करोड़ से अधिक से विकास कार्य शुरू

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को शहर के छह वार्डों में छह करोड़ इकतालीस लाख चौरासी हजार रुपये की लागत से कराए जाने वाले तेरह विकास कार्यों की विधिवत शुरुआत करवाई। यह कार्य वार्ड तीन, सात, सत्रह, अठारह, उन्नीस और बीस में कराए जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद पप्पू लाठर, जोगिन्द्र शर्मा, ममता सैनी, हरजीत सिंह लाड्डी संधू, राजेश अग्गी, सुधीर यादव सहित पार्षद प्रतिनिधि, नगर निगम अभियंता, भाजपा कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। विधायक व मेयर ने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए शहर में गलियों, सड़कों, जलापूर्ति, बरसाती पानी निकासी और सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी



**तरावड़ी।** कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीएमडी रमेश गुप्ता, मदन सचदेवा।

### 23 को होगा जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह

**तरावड़ी।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता की ओर से आगामी 23 जनवरी को गरीब एवं जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराना है। रमेश गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी आवश्यक वैवाहिक रस्में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराई जाएंगी। इसके साथ ही नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक उपहार भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति इंटर ग्लोबल का यह प्रयास समाज में समानता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



### काछवा में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**करनाल।** जिले के गांव काछवा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वृंदावन धाम से पधारे कथाव्यास पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज ने धार्मिक आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुख्य यजमान परिवार को सम्मानित किया। सोमेश्वर राइस मिल परिसर में आयोजित कथा के दौरान पूज्य श्री केशव आचार्य जी महाराज ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करने से समाज में सुख-समृद्धि आती है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और समाज में सकारात्मक सोच व सद्भाव बढ़ता है। कथाव्यास ने उद्योगपति रामदास शर्मा एवं शुभम शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग जगत से जुड़े लोग जब धर्म और समाज सेवा के कार्यों में आगे आते हैं, तो समाज को नई दिशा मिलती है।



### यातायात अव्यवस्था पर आरएसओ ने एसपी से मिले

**करनाल।** रोड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन यूनिट करनाल ने करनाल पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया और करनाल एसडीएम प्रदीप से मुलाकात कर शहर की यातायात व्यवस्था पर चर्चा की। संगठन ने बिना नंबर प्लेट के चलते दोपहिया वाहनों, गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाने तथा बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक में कहा गया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोग हादसों का कारण बन रहे हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने कहा कि जहां दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं, उन स्थानों को चयनित कर रिपोर्ट तैयार की जाए। पुलिस आरएसओ के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने का प्रयास करेगी।



**इंद्री।** इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

### विधायक ने सुनीं हलके के लोगों की समस्याएं

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। विकास के मामले में प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रहने दिया जाए। सरकार का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। इसी कड़ी में जनसुनवाई के माध्यम से सीधे जनता से जुडकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।



### निगदू में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**करनाल।** निगदू/करनाल। गांव निगदू में महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक ऐतिहासिक योद्धा नहीं, बल्कि स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रभक्ति के शाश्वत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया, लेकिन कभी भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया।

डॉ. चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। सीमित संसाधनों में भी उन्होंने अदम्य साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

### समिति ने समझी स्वच्छ ईंधन की कार्य प्रणाली



**करनाल।** हरियाणा विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति ने चेयरपर्सन भगवान दास कबीरपंथी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के इंदौर में सी.एन.जी. सेंटर का दौरा किया। इस मौके पर समिति के सदस्य पवन खरखौदा, शीशपाल केहरवाला तथा हरियाणा विधानसभा के स्टाफ के सदस्यों में अधीक्षक राजेन्द्र कुमार, सहायक शमशेर सिंह और रिपोर्टर संजय गर्ग भी मौजूद रहे। दौरे का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ईंधन की कार्यप्रणाली और इसके सफल क्रियान्वयन को समझना था। समिति के दौरे के दौरान प्लांट में संचालित कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों, गैस आपूर्ति व्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। वहीं, सोमवार को पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बापौली गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक करते हुए नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से जानकारी दी। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। इसलिए मादक पदार्थों से दूर रहे।

### पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार किया

**पानीपत।** पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में स्वास्थ्य, अनुशासन व मानसिक सुढ़ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों द्वारा सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया गया। सभी प्रतिभागियों ने निर्धारित क्रम में सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, लाइन ऑफिसर इंस्पेक्टर सत्यवान, भलाई शाखा में तैनात एएसआई जयभगवान आदि उपस्थित रहे।

### सैंक्शन अफसर बने संदीप सोकल

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर पानीपत में क्लर्क पद पर कार्यरत संदीप सोकल निवासी गांव राजा खेडी जिला पानीपत ने अपनी सैंक्शन ऑफिसर बन गए है। वहीं, स्कूल में प्राचार्या रेणुका गुप्ता ने बताया कि संदीप सोकल ने हरियाणा स्टेट अकाउंट सर्विसेज (एचएसएएस) के माध्यम से नौ पेपर पास कर सैंक्शन ऑफिसर बनें है। इधर, स्कूल में सोमवार को शिक्षकों आदि ने संदीप का अभिनंदन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### देशराज की आंखें दान की

**पानीपत।** पानीपत के यमुना एंक्लेव निवासी देशराज चुघ का निधन हो गया। वहीं परिजनों ने मानवता की राह पर चलते हुए देशराज चुघ की आंखें दान की। इस अवसर पर सतीश चुघ, सिविल अस्पताल के डा.राममहेर, जन सेवा दल के किशन मनचंदा, कमल गुलाटी, यश बांगा आदि उपस्थित रहे।

### विराट भक्ति सत्संग को लेकर बैठक

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा डॉ.जगजीत आहूजा के निवास स्थान पर बैठक हुई। बैठक में चर्चा हुई कि दो से पांच अप्रैल तक सनातन संस्कृति जागरण अभियान एवं रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में संत सुधांशु के सानिध्य में विराट भक्ति सत्संग का आयोजन शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन में होगा। बैठक में मंडल के संरक्षक पुरुषोत्तम शर्मा, कार्यकारी प्रधान यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, वेद बांगा, राजू शर्मा, चुन्नी लाल चावला, रमेश ढींगरा, देसराज छाबड़ा, जगदीश खुराना, अशोक, गणेश ठाकुर, पीसी झा, भीम डुडेजा आदि उपस्थित रहे।

### शिव राणा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर छह के संत नगर स्थित राजपूत धर्मशाला में क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत का कार्यक्रम हुआ। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश के अध्यक्ष ठाकुर नीरज राणा शिव राणा मोनू को जिला पानीपत का अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर टीपी चौहान, प्रो.अनिरुद्ध भारती, सुधीर राणा, कृष्ण राघव, ईश कुमार राणा, अशोक चौहान, बिरजू राणा, यशपाल राणा, बजरंग सिंह शेखावत, सागर राणा, गौरव राणा, रवि राणा, रविंदर राणा, रेखा चौहान, पंकज व अरविन्द राणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सिद्धार्थ अस्पताल में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल लगभग 230 मरीजों की जांच की गई।

---

### हुडा सेक्टर 12 में बन रहा है बहु उद्देश्यीय ऑडिटोरियम

# पानीपत को विकसित शहर बना रही है भाजपा सरकार : विज

बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी, बेसमेंट में पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी



पानीपत। विधायक प्रमोद विज निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

*विधायक प्रमोद विज ने निगम अधिकारियों के साथ ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करने के आदेश दिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 12 में करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से बहु उद्देश्यीय ऑडिटोरियम के निर्माण का कार्य इन दिनों जोरों पर हैं। सोमवार को विधायक प्रमोद विज ने निगम अधिकारियों के साथ ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करने हेतु आदेश दिए। वहीं, पानीपत जिले का यह पहला ऑडिटोरियम है जिसका प्रयोग विभिन्न प्रकार की बैठकों और कार्यक्रमों के लिए किया जा सकेगा। इधर, विधायक विज ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि भाजपा सरकार पानीपत को विकसित शहर बनाने के उद्देश्य से काम कर रही है। वहीं यह ऑडिटोरियम का निर्माण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। इसमें करीब एक हजार से अधिक लोगों की क्षमता का मल्टीपर्पज हॉल, बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी, बेसमेंट में पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पानीपत में फ्लाईओवर, सड़कें, हॉस्पिटल, पार्क, स्कूल, अंडरपास, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य तेजी से करवा रही है, साथ ही विकास कार्यों की गुणवत्ता का खास ख्याल रखा जाता रहा है।

---

### कारागार दंड नहीं सुधार का केंद्र बने : बत्रा

# कैदी भी समाज का हिस्सा, बंदी को भी सम्मान व अवसर मिलने चाहिए

■ एसडीएम मनदीप कुमार ने गत दिवस कई रैन बसेरों का निरीक्षण किया



पानीपत। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा पानीपत जेल का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने सोमवार को जिला कारागार, पानीपत का निरीक्षण कर बंदियों के मानवाधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, एडीसी डॉ. पंकज ने बताया की आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा के दिशा निर्देश पर रैन बसेरों में संविधान का ध्यान किया गया है। जबकि एसडीएम मनदीप कुमार ने गत दिवस कई रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया और जरूरमंदों को कंबल भी वितरित किए गए। इधर, आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कहा कि कारागार केवल सजा का स्थान नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास का केंद्र होना चाहिए। बंदी भी हमारे समाज का हिस्सा हैं। यदि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर दिए जाएं, तो वे समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ लौट सकते हैं। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्षा शर्मा को सभी शेल्टर होम और वृद्ध आश्रमों की नियमित देखरेख करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। अध्यक्ष बत्रा ने कहा कि जेल में बंद बंदियों से विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए ड्यूल डेस्क तैयार करवाए जा सकते हैं, जिससे बंदियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक से जेल में कम से कम एक वर्ष के लिए डॉक्टरों की नियमित तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा। इधर, न्यायमूर्ति बत्रा ने जेल में महिला वार्ड का निरीक्षण किया, महिला बंदियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आयोग के सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया, संजय कुमार खंडूजा, रजिस्ट्रार, डॉ. पुनीत अरोड़ा, सहायक रजिस्ट्रार, डॉ. विजय मलिक, सिविल सर्जन संदीप कुमार, आईपीएस हर्षित गोयल, जेल अधीक्षक संजीव कुमार, डीएसपी राजबीर, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सहित एडवोकेट राजेश, दीपाली आदि उपस्थित रहे।

---



पानीपत। आईबी कॉलेज के एनएसएस शिविर में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

### हर युवा फर्स्ट एड देने में दक्ष हो : डॉ. मलिक

**पानीपत।** पानीपत के गांव खोतपुरा में चल रहे आईबी पीजी कॉलेज के एनएसएस कैंप में स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने सोमवार को कैंप का शुभारंभ वंदे मातरम के गायन व योगाभ्यास से किया। वहीं, मुख्य सत्र सीपीआर (सीपीआर) और फर्स्ट एड ट्रेनिंग पर आधारित रहा। इसमें सोनिया ने मुख्य वक्ता रही। जबकि कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खुशबू, डॉ. नीतू और कुलदीप ने मुख्य वक्ता सोनिया को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) वह तात्कालिक सहायता है जो किसी व्यक्ति को अचानक बीमारी या चोट लगने पर दी जाती है, जब तक कि डॉक्टर या अन्य चिकित्सा पेशेवर मदद नहीं पहुंचाते। सीपीआर और प्राथमिक उपचार के बारे में ज्ञान होना हर किसी के लिए बहुत जरूरी है। जबकि सांय काल सत्र में स्वयं सेवकों विद्यार्थियो ने विभिन्न खेलकूद किए।

---

### डीएवी पीपी स्कूल में वैदिक परिवार की संस्कारशाला आयोजित

## चरित्रवान बनना ही वैदिक शिक्षा का मूल




पानीपत। डीएवी पीपी स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वैदिक परिवार पानीपत के तत्वावधान में सोमवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन, पानीपत में संस्कारशाला का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम में पानीपत के प्रसिद्ध वैदिक प्रवक्ता आचार्य संजीव वेदालंकार ने विद्यार्थियों को संबोधित में कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में संस्कारों का विशेष महत्व है। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर चरित्र निर्माण, सत्यनिष्ठा, अनुशासन, सेवा भाव और राष्ट्रप्रेम का आधार बने, यही वैदिक शिक्षा की मूल भावना है। उन्होंने वेदों के संदेशों का उल्लेख करते हुए बताया कि सत्य, अहिंसा, संयम और परोपकार जैसे गुण ही एक सशक्त समाज और सुदृढ़ राष्ट्र की नींव रखते हैं। चरित्रवान बनना ही वैदिक शिक्षा का मूल है। वहीं, विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों, परिवार और समाज के प्रति कर्तव्यों, नशामुक्त जीवन, गुरु-शिष्य परंपरा तथा भारतीय संस्कृति की महानता पर भी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुमिता अरोड़ा, वैदिक परिवार के प्रधान डॉ. पवन बंसल, महासचिव डॉ. राजबीर आर्य, राजीव सचदेवा, सुरेश रावल, मंजू गुप्ता, आकाश समेत बडी संख्या में विद्यार्थियों ने यज्ञ किया।

---

## राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता में अंबाला की सृष्टि रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



सृष्टि।

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी साहित्य परिषद एवं कानूनी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के शुभावसर पर राष्ट्रीय स्तरीय पर एक देश एक चुनाव, सूचना का अधिकार, विकसित भारत 2047: महिलाओं की भूमिका, डिजिटल अपराधों पर कानूनी जागरूकता, निःशुल्क कानूनी सहायता, 'मानवाधिकार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि विषयों पर ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली आदि प्रदेशों के अनेक महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से संबंधित स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता की। वहीं, प्रथम पुरस्कार सृष्टि, बीए तृतीय वर्ष एसडी कॉलेज अंबाला छावनी, द्वितीय पुरस्कार आस्था, बीएड द्वितीय वर्ष, केएम कॉलेज ऑफ एजुकेशनभिवानी, तृतीय पुरस्कार सुमन, बीए तृतीय वर्ष, कन्या महाविद्यालय खरखौदा और सांत्वना पुरस्कार मनीष, बीए द्वितीय वर्ष, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज फरीदाबाद ने प्राप्त किए। इस अवसर पर हिंदी साहित्य परिषद के संयोजक प्रो.विजय सिंह, डॉ.शालिनी, प्रो.गोपाल मलिक, प्रो.कविता मलिक आदि उपस्थित रहे।

---

## समाजहित में श्रेष्ठ कार्य कर रहा है सेवा भारती



समालखा। सेवा भारती के कार्यक्रम में शिकरत करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

सेवा भारती समालखा द्वारा माता मंदिर में अध्यक्ष विनीत बजाज, वरिष्ठ सदस्य देवदत्त शर्मा, गुरु दत्त अनेजा के नेतृत्व में मकर संक्रांति के उपलक्ष में सांस्कृतिक आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न स्थानों में चल रहे सेवा केंद्र से शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व पार्षद श्याम सुंदर बरेजा रहे। जबकि अशोक गुप्ता, गौरव गुप्ता माता मंदिर के अध्यक्ष अनिल बेनीवाल अति विशिष्ट अतिथि रहे। सभी ने एक स्वर में सेवा भारती के कामकाज की जमकर सरहाना की। वहीं, सांस्कृतिक आयोजन का मंच संचालन शिवानी पांचाल ने किया। जबकि पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा ने बच्चों को उत्साहवर्धक खेल खिलाए। इस अवसर पर सर्वजीत बंसल, पार्षद मनीष बेनीवाल, पार्षद अनिल कालीरामना, नगर परिषद समालखा की उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि सतपाल शर्मा, सेवा भारती के कोषाध्यक्ष अनुसूया प्रसाद, धीरज श्रीवास्तव, यशपाल, सरिता पांचाल पूनम शर्मा, आशा वर्मा, शिवानी पांचाल, अरुण छोकर किवाना आदि उपस्थित थे।

---

### ब्रह्माकुमारीज संस्थापक ब्रह्मा बाबा को पुण्य स्मृति दिवस पर किया याद

**शाहबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रभु अनुभूति भवन में ब्रह्माकुमारीज संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के पुण्य स्मृति दिवस को अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया गया। गया। स्मृति दिवस पर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र सुधा ने भी ब्रह्मा बाबा को नमन किया। स्मृति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ गहन मौन एवं राजयोग ध्यान से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए उनके दिव्य जीवन को स्मरण किया। सेंटर की प्रभारी राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने सर्वप्रथम ब्रह्मा बाबा को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जगदीश भोला भाई, सुनील, पवन, जय सिंह, राम कुमार, डिंपल, विक्की, सुरेश, बलदेव, हंस राज, आरती, मीनू, शैलजा, प्रेम, रमा, रचना, सुनीता, गायत्री, शीला, नीटू, कौशल्या, राधा, शकुंतला, कपिल, याचिका, रेखा, ज्ञानचंद एवं रजनी आदि बी.के. भाई बहन मौजूद थे।

---

*मुख्यमंत्री भीमसेन सच्चर की पुण्यतिथि पर यज्ञ किया*

## भीमसेन ने ताउम्र खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा दिया : रावत



समालखा। स्वतंत्रता सेनानी भीमसेन सच्चर को श्रद्धांजलि देते गांधीवादी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश, आश्रम गांव पट्टीकल्याणा में स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी संयुक्त पंजाब के दूसरे मुख्यमंत्री भीमसेन सच्चर की पुण्यतिथि पर यज्ञ कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। देश को सच्चर फार्मुला देने वाले भीमसेन ने अपने जीवन के अंतिम दिन इसी आश्रम में बिताए थे। इधर, गांधी स्मारक निधि की न्यासी हेमलता रावत व सचिव आनंद शरण ने बताया कि भीमसेन सच्चर, पंजाब के मुख्यमंत्री पद पर दो बार रहे और उड़ीसा व आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे। वे प्रजातंत्र के लिए आपातकाल में जेल भी गए। सच्चर ने जीवन भर खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा दिया। इधर, किरण शरण, अजय कुमार, डॉ. संदीप जैन, डॉ. रुपाली जैन, गिरिराज, बसंत, डॉ. नायब सिंह, धर्मपाल, प्रसन्न कुमार, योगेंद्र यादव, राजेश, राहुल, गुरु प्रसाद, विमलेश, मीना, रानो, रिंको आदि ने भी भीमसेन सच्चर को नमन किया।

---




### विश्वास, मेहनत और सच्चाई के मार्ग पर चलने से पहुंच सकते हैं मंजिल तक : गीता

**पिहोवा।** डी.ए.वी कालेज पिहोवा में स्थापित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर में आरम्भ हुआ। यह योजना कालेज में पिछले अनेक वर्षों से बखूबी कार्यरत है। इस योजना के तहत कालेज में दो इकाइयों कार्य कर रही है। इस शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता शर्मा, महेश कुमार सब इंस्पेक्टर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर अपनी कालेज की यादों को ताजा करते हुए, अपने राजनीतिक सफर के बारे में बात करते स्वयंसेवकों को बताया कि किस प्रकार अपने आप पर भरोसा, मेहनत और सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए हम अपनी मंजिल तक पहुंच सकते है। विशिष्ट अतिथि महेश कुमार ने लीडरशिप के गुण किस प्रकार विकसित हो सकते है, के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया। साइबर क्राइम विषय पर देवेन्द्र कुमार ए.एस.आई. पिहोवा हरियाणा पुलिस स्वयं सेवकों से मुखातिब हुए। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए भरपूर जानकारी सांझा की। कालेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सुमन लता ने इस अवसर पर आए मेहमानों का स्वागत पौधे भेंट करके किया।

---

### पानीपत रिफाइनरी में आयोजित हुआ था हाकी टूर्नामेंट

# राज्यस्तरीय मास्टर्स हॉकी में शाहबाद बना चैंपियन

*गुरुग्राम द्वितीय व पानीपत तृतीय रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। हरियाणा राज्य मास्टर्स स्टेट हाकी टूर्नामेंट में विजेता शाहबाद की टीम अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

पानीपत रिफाइनरी में मास्टर्स गेम्स आफ हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय मास्टर्स चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना ज़रूरी है। वहीं, हमें खेल आनंद, उत्साह, उमंग के लिए खेलना चाहिए। इधर, मास्टर्स गेम्स आफ हरियाणा के अध्यक्ष डीके साहनी व महासचिव सुशील कुमार ने कहा कि पानीपत रिफाइनरी प्रबंधन ने हाकी को बहुत ही सरहानीय बढ़ावा दिया है। रिफाइनरी के इस अनुकरणीय सहयोग में राष्ट्र भावना की झलक दिखाई देती हैं। इस अवसर पर रिफाइनरी के महाप्रबंधक संजय वरिष्ठ प्रबंधक व अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी भरत छिकारा, टूर्नामेंट के संयोजक रविदत्त शर्मा, आईएनजे गायकवाड़, अंकुर, हाकी एसोसिएशन के सचिव संजीव त्यागी व मास्टर्स गेम्स आफ पानीपत के अध्यक्ष विजेंद्र ढुल व सचिव सुरेश रावल, कोषाध्यक्ष जैनेंद्र जैन, नरेंद्र सिंह, अमित मलिक, अनिल मोर, अमित राठी, सुनील मोर, चंद्र पाल, मोहन मान, सोहन मान, विनोद, नवनीत सिंह, सुरेश शर्मा, महेंद्र कुमार, रूप बसंत और अंपायर की भूमिका धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सैनी, साहिल आदि मौजूद रहे। जबकि टूर्नामेंट के फ़ाइनल में शाहबाद ने काटे की टक्कर में गुरुग्राम को 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। जबकि प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पानीपत की टीम रही। टूर्नामेंट आठ टीमों ने भाग लिया था। विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

## खबर संक्षेप

### नगराधीश ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**अंबाला।** उपायुक्त कार्यालय के सभागार में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविर में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं एक सराहनीय पहल हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित करना है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में पाया द्वितीय स्थान

**शहजादपुर।** राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में राजकीय महाविद्यालय अम्बाला कैंट में हुए जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जलविज्ञान चक्र एवं नदी बांध और नदी बांध के फायदे तथा नुकसान पर भौगोलिक मॉडल प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण भूगोल विभाग की छात्रा गगनप्रीत और आंचल ने किया। छात्रा गगनप्रीत ने भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण करते हुए बादल बनने एवं वर्षा होने की प्रक्रिया से लेकर, वर्षा के पानी को बांध में रोकने एवं बिजली बनाने तथा पानी की मात्रा ज्यादा होने पर बाढ़ का आना एवं उसके नियंत्रण तथा सिंचाई के लिए नहर के जरिए पानी का खेतों तक उपयोग के बारे में बताया।

### समस्याओं का तय समय में करें समाधान

शहजादपुर। उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में नायब तहसीलदार सुनील सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। नगौली की केला, बड़ागांव के सोहन लाल, अकबरपुर के बचना व बड़ागांव की ही बबीता बीपीएल कार्ड कटने की शिकायत लेकर पहुंचे।

# कृषि कार्यों में जान गंवाने वालों के आश्रितों को सौंपे दस लाख रुपये के चेक

## योजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों और किसानों के परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा देनाः गोपाल मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मार्केट कमेटी के चेयरमैन गोपाल मित्तल ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अन्तर्गत मार्केट कमेटी की ओर से अमरजीत कौर पत्नी स्वर्गीय संदीप सिंह वासी गांव टोडा जिला पंचकूला को पांच लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया है। मार्केट कमेटी सचिव अफसर सिंह ने बताया कि अमरजीत कौर के पति संदीप सिंह की मृत्यु अपने खेत से चरी काट कर उसको ट्रैक्टर ट्रॉली से लोड करके अंबाला कैंट घास मंडी में बेचने के लिए गया था। जब वह वापस आ रहा था तो उसके ट्रैक्टर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने की वजह से मृत्यु होने पर यह आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार रचना देवी पत्नी स्वगीय परमाल सिंह वासी गांव मुकंदपुर को 5 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। परमाल सिंह की मृत्यु ट्रैक्टर पलट जाने के कारण हो गई थी, जिस कारण यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।



अंबाला। पीड़ित महिला को पांच लाख का चेक सौंपते चेयरमैन।

### आर्थिक सहायता की जाती है प्रदान

गोपाल मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत कृषि संबंधी कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए किसानों, खेतीहर मजदूरों एवं मंडी श्रमिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों और किसानों के परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा देना है।

### सरकार ने अनेक जनहितकारी योजनाए चलाई

उन्होंने बताया कि किसानों एवं खेतीहर मजदूरों के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनमें यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। योजना के तहत कृषि कार्य करते समय दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके लिए मृतक का पोस्टमार्टम होना तथा पुलिस में एफआईआर दर्ज होना अनिवार्य है। स्थायी गंभीर चोट या एक अंग भंग होने की स्थिति में 1 लाख 25 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। रीढ़ की हड्डी टूटने या अन्य कारणों से स्थायी अशक्तता होने पर 2 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। दो अंग भंग होने या स्थायी गंभीर चोट की स्थिति में 1 लाख 87 हजार 500 रुपये की सहायता दी जाती है। पूरी उंगली कटने पर 75 हजार रुपये तथा आंशिक उंगली भंग होने पर 37 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता कमेटी की ओर से दी जाती है। चार उंगलियों के कटने को एक अंग की हानि माना जाता है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने एवं लाभ लेने के लिए संबंधित किसान एवं खेतीहर मजदूर मार्केट कमेटी से संपर्क कर सकते है।

## भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने प्रसन्ना के साथ मिलकर बांसुरी की स्वर-लहरियों पर किया गायन



बराड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्टूडेंट्स और स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- विद्यार्थियों ने कलाकारों से संवाद किया तथा संगीत से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे

शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में 'स्पिक मैके' चंडीगढ़ एवं शेमफॉर्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पं. अजय शंकर प्रसन्ना ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण बाँसुरी वादन से विद्यार्थियों व शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं. प्रसन्ना तीन बार ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकित रह चुके हैं तथा अटल सम्मान से भी सम्मानित हैं। वे बनारस घराने की समृद्ध परंपरा के प्रतिनिधि, आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार हैं। संगीत नाटक अकादमी अवार्ड और पद्म विभूषण से सम्मानित पं. हरि प्रसाद चौरसिया के गुरु पं. भोलानाथ प्रसन्ना के सुपुत्र एवं शिष्य हैं। कार्यक्रम में तबले पर गुरप्रीत सिंह ने संगत कर प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया। विशेष आकर्षण का केंद्र वह क्षण रहा, जब विद्यार्थियों ने अजय शंकर प्रसन्ना के साथ मिलकर बांसुरी की स्वर-लहरियों पर गायन किया, जिससे पूरा सभागार संगीतमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह एवं प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने 'स्पिक मैके' संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने कलाकारों से संवाद किया तथा संगीत से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम अनुशासित, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा, जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### युवाओं को स्वस्थ जीवन के प्रति किया सजग

- नेशनल यूथ डे पर एचआईवी एड्स के प्रति छात्रों को किया जागरुक

**बराड़ा।** नेशनल यूथ डे के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइ) होली में एचआईवी-एड्स, एसटीआइ एवं टीबी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं, जागरूकता गतिविधियां एवं लेक्चर आयोजित किए गए, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन संस्थान में सिग्नेचर कैंपेन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एएसएमओ डॉ. हरमन रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डॉ. लविश, डॉ. इनसा (टीबी स्पेशलिस्ट) तथा डॉ. याशु उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को एचआईवी-एड्स, एसटीआइ और टीबी के कारण, लक्षण, बचाव व समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को स्वस्थ जीवन के प्रति सजग बनाते हैं। एचआईवी-एड्स काउंसलर सोमवीर ने भी अपने विचार रखते हुए नियमित जांच और सही जानकारी को बेहद आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात कुछ स्टाफ मेंबर्स एवं छात्रों ने अपनी सहमति से एचआईवी व टीबी से संबंधित जांच भी करवाई।



मुलाना। विश्व शांति दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान। फोटो : हरिभूमि

## विश्व शांति दिवस पर प्रेरणादायी कार्यक्रम

# आंतरिक शांति के बगैर वैश्विक शांति संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

- शांति-एकता से ही समाज आगे बढ़ेगा

विश्व शांति दिवस के उपलक्ष में ब्रह्मकुमारी आश्रम में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर एसएचओ प्रमोद राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बीना दीदी, सुभद्रा बहन एवं बीके बहनों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। वक्ताओं ने विश्व शांति, सामाजिक सौहार्द और नैतिक मूल्यों के महत्व पर अपने विचार सांझा किए। वक्ताओं ने कहा कि आंतरिक शांति के बिना वैश्विक शांति संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक सोच अपनाते हुए अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं शांत और संयमित होगा, तभी समाज और विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। एसएचओ प्रमोद राणा ने अपने संबोधन में कहा कि शांति और एकता से ही समाज आगे बढ़ सकता है। युवाओं से भाईचारे, सहनशीलता और कानून के प्रति सम्मान बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा बराडा ब्लॉक

# बीईओ ने किया पदभार ग्रहण, कंप्यूटर टीचर्स एसोसिएशन ने दीं शुभकामनाएं

- जगदीश का खंड शिक्षा अधिकारी बनना क्षेत्र के लिए गर्व की बात



बराड़ा। बीईओ जगदीश से मुलाकात करते हुए टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कप्यूटर टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नए खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश मेहरा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पवन पराशर ने कहा कि जगदीश मेहरा एक अनुभवी व कुशल शिक्षाविद् हैं। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली में कई वर्षों तक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य करते हुए विद्यालय को सुंदरता प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान दिलवाया। इसके पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में प्रधानाचार्य रहते हुए भी उन्होंने विद्यालय में उल्लेखनीय सुधार कर शिक्षा का स्तर ऊंचा किया। कंप्यूटर टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बलराम धीमान ने कहा कि जगदीश मेहरा का खंड शिक्षा अधिकारी बनना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बलराम धीमान के साथ कंप्यूटर अध्यापक प्रिंस, रामनिवास, नरेश, गुरविंदर, रविंद्र, राखी व सुगीता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंबाला-जगाधरी हाईवे पर हादसा

# अस्पताल की दीवार से टकराई गाड़ी, दो युवक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- एयरबैग खुलने से कार के अंदर मौजूद युवक सुरक्षित बाहर निकल आए।

अंबाला-जगाधरी हाईवे पर रविवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे कैंट के नागरिक अस्पताल की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार दो युवक हादस में बाल बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शी अनिल व मुकुल ने बताया कि एक सफेद रंग की कार काफी तेज गति से गुजर रही थी। अस्पताल के मोड के पास अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया व कार सीधे डिवाइडर को पार करते हुए अस्पताल की बाउंड्री वॉल में जा घुसी। रात का सन्नाटा होने के कारण टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुनकर अस्पताल का स्टाफ व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक चुका था। लोगों को आशंका थी कि कार सवार गंभीर रूप से घायल होंगे लेकिन एयरबैग खुलने के कारण कार के अंदर मौजूद युवक सुरक्षित बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की खंड स्तरीय बैठक

# बराड़ाः क्रॉनिक बीमारी के नंबर नहीं मिलने पर शिक्षकों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की खंड कार्यकारिणी की बैठक राजकीय मॉडर्न संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई। अध्यक्षता खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने की। खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा प्रदेश में अभी भी कई अध्यापकों को क्रॉनिक बीमारी के आधार पर निर्धारित नंबर नहीं दिए गए हैं। विभाग का तर्क है कि संबंधित अध्यापकों के मेडिकल सर्टिफिकेट तय समय सीमा के बाद बने हैं, जबकि संघ का स्पष्ट मत है कि क्रॉनिक बीमारी के मामलों में किसी भी प्रकार की समय सीमा तय नहीं होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश सर्टिफिकेट देर से बने हैं, तो भी संबंधित अध्यापक आज भी उसी बीमारी से जूझ रहे हैं।



बराड़ा। बैठक में भाग लेने वाले टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

### नीति अनुसार नंबर प्रदान किए जाएं

वरिष्ठ अध्यापक नेता मोहन ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हुई है, ऐसे में इन अध्यापकों को क्रॉनिक बीमारी के नंबरों का लाभ दिया जाना चाहिए, ताकि वे विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें। अध्यापक नेताओं ने शिक्षा मंत्री एवं निदेशक से दोबारा अपील की कि जिन अध्यापकों को अभी तक क्रॉनिक बीमारी के नंबर नहीं मिले हैं, उनके मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक पुनः विचार करते हुए घोषित नीति के अनुसार नंबर प्रदान किए जाएं, ताकि प्रभावित अध्यापकों को इस पॉलिसी का वास्तविक लाभ मिल सके। इस बैठक में संघ के उप प्रधान दुष्यंत गर्ग सहित हरविंदर छाबड़ा, सुरेंद्र मोहन, संग्राम सिंह, गुलशन कुमार व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### पंद्रह साल पहले घर से लापता व्यक्ति का परिवार से हुआ मिलन

- समाजसेवी ने परिवार को तलाशने में निभाई अहम भूमिका

**अंबाला।** 15 वर्षों से लापता एक युवक का परिवार से पुनर्मिलन हुआ। 15 साल पहले घर से निकले विपिन चौधरी अब अपने छोटे भाई दीपक के साथ वापस बिहार अपने घर लौटेंगे।समस्तीपुर (बिहार) के शिवाजी नगर के विपिन चौधरी 15 वर्ष पूर्व बिना बताए घर से कहीं निकल गए थे। परिजनों ने कुरुक्षेत्र और अंबाला तक की खाक छानी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। समय बीतने के साथ गांव वालों ने यहां तक कह दिया था कि विपिन अब इस दुनिया में नहीं रहे और उनका श्राद्ध कर देना चाहिए। लेकिन पिता मोनू चौधरी का दिल यह मानने को तैयार नहीं था। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि एक दिन उनका बेटा जरूर वापस आएगा। संस्था की 69वीं ब्रांच मां माधुरी बृज वारिस सदन में 15 जनवरी 2026 को समाजसेवी विकास गोगिया ने एक लावारिस और बीमार अवस्था में घूम रहे व्यक्ति को भर्ती कराया। काउंसलिंग के दौरान उन्होंने नाम विपिन और पता समस्तीपुर बिहार बताया। विकास ने जब पते की पुष्टि की तो परिजनों से संपर्क हो गया। सूचना मिलते ही छोटे भाई दीपक चौधरी अंबाला पहुंचे। बड़े भाई को देखते ही लिपटकर रो पड़े। आश्रम के पदाधिकारियों ने कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विपिन को उनके भाई दीपक के सुपुर्द कर दिया। दीपक ने नम आंखों से आश्रम का धन्यवाद करते कहा कि हमारे पिता की जीत हुई है।

## 28 जनवरी तक श्री रघुनाथ मंदिर में होगा सत्संग समारोह

हरिद्वार के कल्याण कमल आश्रम के महामंडलेश्वर मधुर वाणी से अमृत वर्षा करेंगे

# श्रीमद्भगवद गीता ही कलयुग के दोषों से मानव को रखेगी संरक्षितः स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- कलयुग से बचने के लिए किसी अन्य उपाय की तरफ जाने की आवश्यकता नहीं

अंबाला शहर के नावल्टी रोड स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में श्री कल्याण कमल पुरुष एवं महिला सत्संग समिति द्वारा 20 जनवरी से 28 जनवरी तक श्रीमद्भागवत गीता सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें हरिद्वार के कल्याण कमल आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज अपनी मधुर वाणी से अमृत वर्षा करेंगे। समिति के कैशियर शीतल बंसल एवं सदस्य कुलभूषण गोयल ने बताया कि यह आयोजन सुश्चिता गिरि के सानिध्य में होगा। कथा की पूर्व संध्या पर आयोजन स्थल पर पधारने पर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज का समिति के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर गीता के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए गिरि महाराज ने कहा कि कलयुग के महान ग्रंथ जिसको संजीवनी के तुल्य माना गया है। कलयुग के लिए आधार है। कलयुग से बचने के लिए किसी अन्य उपाय की तरफ जाने की आवश्यकता नहीं है। श्रीमद्भगवद गीता ही कलयुग के दोषों से मानव को संरक्षित रख सकती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संगीत के सात स्वर होते हैं। उन सात स्वरों में सभी प्रकार के गीत गाए जा सकते हैं। इसी प्रकार श्रीमद्भगवद गीता में 700 श्लोक हैं जो सारी सृष्टि का सार तत्व वर्णन करते हैं। ज्यादा विस्तार में आनंद नहीं आता। इसलिए गीता रूपी सार को अपनाओ और कलियुग के दुर्गुणों से बचते जाओ। सभी वासनाओं को अपने अधीन करना है तो मानव मात्र को गीता अपनाने की आवश्यकता है।



अंबाला। स्वामी कमलानंद गिरि महाराज।

### पुलिस थाने में खड़ी गाड़ी में धमाका करने के मामले में चौथा आरोपी काबू

- जम्मू के व्यक्ति ने आरोपियों के खाते में ट्रांसफर की थी नकदी

**अंबाला।** अंबाला शहर के बलदेव नगर थाने को दहलाने की साजिश के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इसकी पहचान जम्मू के रमन के रूप में की है। बताया जाता है कि सौरभ के खाते में इसी आरोपी के जरिये रुपये ट्रांसफर हुए थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। मामले में एक अन्य संदिग्ध के करीब भी पुलिस पहुंच गई है। मामला फिरोजपुर से सटे पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा होने के कारण पंजाब की सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट पर हैं। सात दिन के रिमांड के दौरान अंबाला पुलिस सौरभ व आकाश को फिरोजपुर लेकर रवाना हो गई है। कुछ संदिग्ध के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इस मामले पर एनआईए की भी नजर है। अंबाला पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत का कहना है कि जल्द इस मामले में बड़ा खुलासा किया जाएगा। आरोपियों के खातों के जरिये गुत्थी सुलझने के आसार जांच एजेंसियां सौरभ व आकाश के खातों के जरिये आगे बढ़ रही हैं। अन्य संदिग्ध के भी खातों में आने वाली राशि के जरिये इस मामले की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। बलदेव नगर थाने में 10 जनवरी को एक व्यक्ति ने मारुति 800 कार नंबर डीएल 3सी एजेड 6681 खड़ी करके उसमें आग लगा दी थी। इसका वीडियो बनाकर कई जगह भेज दी थी।